भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3444
उत्तर देने की तारीख 16.12.2024

केरल में योजनाओं के लिए निधि

3444. श्री के. राधाकृष्णन :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार द्वारा केरल राज्य को वर्ष 2019-20 से 2023-24 की अवधि के दौरान अपनी विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत जो धनराशि आवंटित की गई है वह उससे पहले की अवधि की तुलना में अधिक है;

(ख) यदि हां, तो वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक सरकार की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत निधि के आवंटन का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने संस्कृति को बढ़ावा देने हेतु वर्ष 2019 से 2024 तक केरल राज्य के लिए किन्हीं विशेष योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है; और

(घ) यदि हां, तो वर्ष 2019-2024 की अवधि के दौरान का तत्संबंधी वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) और (ख): संस्कृति मंत्रालय द्वारा राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को सीधे ही निधियां जारी नहीं की जाती हैं। तथापि, केरल राज्य के लिए 2019-20 से 2023-24 की अवधि के दौरान संस्कृति मंत्रालय द्वारा विभिन्न स्कीमों के अंतर्गत जारी निधियों का ब्यौरा **अनुलग्नक** पर दिया गया है।

(ग) और (घ): जी, नहीं।

****

अनुलग्नक

'केरल में योजनाओं के लिए निधि' के संबंध में दिनांक 16 दिसम्बर, 2024 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3444 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

(लाख रुपये में)

क्र. सं.	स्कीम का नाम	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24
1.	संग्रहालय अनुदान स्कीम (एमजीएस)	-	50.00	50.00	-	-
2.	विज्ञान की संस्कृति के संवर्धन हेतु स्कीम (एसपीओसीएस)	417.17	293.60	345.35	375.36	485.62
3.	पुस्तकालयों का विकास	82.77	43.43	76.49	46.95	18.72
4.	राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन (एनएमएल)	9.86	34.78	-	14.08	34.12
5.	गुरु-शिष्य परंपरा के संवर्धन हेतु वित्तीय सहायता (रेपर्टरी अनुदान)	115.20	90.60	81.12	264.44	318.06
6.	राष्ट्रीय महत्व के सांस्कृतिक संगठनों हेतु वित्तीय सहायता	-	-	-	-	18.75
7.	स्टूडियो थिएटर सहित भवन अनुदान हेतु वित्तीय सहायता	-	-	-	1.40	-
8.	सांस्कृतिक समारोह और निर्माण अनुदान (सीएफपीजी)	28.00	37.03	57.52	48.38	40.27
9	संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट व्यक्तियों को अध्येतावृत्ति प्रदान करना	98.40	52.20	68.40	85.20	54.00
10.	विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों में युवा कलाकारों हेतु छात्रवृत्तियां प्रदान करना	15.60	27.30	22.20	6.00	21.30

******